FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना टूण्डला दिनांक 27-03-2026 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा शातिर अभियुक्त जाहिद उर्फ डीपर पुत्र शराफत अली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर अभियुक्त जाहिद उर्फ डीपर पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में 1.5 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत...**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटर साइकिल बरामद...**
- **शातिर अभियुक्त जाहिद उर्फ डीपर जनपद के थाना टूण्डला के मु0अ0सं0 145/2026 धारा 309(4) बीएनएस में चल रहा था फरार...**

दिनांक 11-03-2026 को वादी द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत एनएच-19 स्थित पारस कोल्ड स्टोर के पास ग्रे कलर की अपाचे मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पुत्र के हाथ से मोबाइल फोन (Vivo Y400 Pro, रंग Fest Gold) छीनकर फरार हो गये है। जिसके आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 145/2026 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन कर वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 27-03-2026 को थाना टूण्डला पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 145/2026 से सम्बन्धित अभियुक्त बन्ना रोड, एफएच मेडिकल कॉलेज के पास किसी अन्य घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस द्वारा बन्ना रोड, एफएच मेडिकल कॉलेज के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसपर एक व्यक्ति सवार था जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी

तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त की पहचान जाहिद उर्फ डीपर पुत्र शराफत अली निवासी जाटवपुरी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है, जो थाना टूण्डला के मु0अ0सं0 145/2026 धारा 309(4) बीएनएस में वांछित चल रहा अभियुक्त है। पूछताछ के दौरान गिरफ्ताशुदा अभियुक्त द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11-03-2026 को घटित मोबाइल लूट की घटना को स्वीकार किया गया तथा अपने अन्य साथी अस्लम पुत्र अशरफ निवासी बी0पी0एल ग्राउंड के पास थाना रामगढ़ फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में लाया गया है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु टूण्डला पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1- जाहिद उर्फ डीपर पुत्र शराफत अली निवाली जाटवपुरी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त जाहिद उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0स0 145/2026 धारा 309(4) बीएनएस थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0- 113/2021 धारा 379/411 भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 12/21 धारा 379/411 भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 122/21 धारा 3/25 आ0 एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
5. मु0अ0स0 103/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
6. मु0अ0स0 230/16 धारा 398/401 भादवि थाना रामगढ फिरोजाबाद।
7. मु0अ0स0 231/16 धारा 3/25 आ0 एक्ट थाना रामगढ फिरोजाबाद।
8. मु0अ0स0 232/16 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ फिरोजाबाद।
9. मु0अ0स0 653/16 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना रामगढ फिरोजाबाद।
10. मु0अ0स0 436/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना रामगढ फिरोजाबाद।
11. मु0अ0स0 484/22 धारा 379/411 भादवि थाना रामगढ फिरोजाबाद।
12. मु0अ0स0 554/22 धारा 411/414 भादवि थाना रामगढ फिरोजाबाद।
13. मु0अ0स0 07/21 धारा 102/41 सीआरपीसी व 411/414 भादवि थाना रसुलपुर फिरोजाबाद।
14. मु0अ0स0 09/21 धारा 3/25 आ0 एक्ट थाना रसुलपुर फिरोजाबाद।
15. मु0अ0स0 322/22 धारा 379/411 भादवि थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
16. मु0अ0स0 358/22 धारा 411/414 भादवि थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
17. मु0अ0स0 359/22 धारा 3/25 आ0 एक्ट थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस।
2. 01 मोबाइल फोन वीवो Y 400 प्रो संबंधित मु0अ0स0 145/2026 धारा 309(4) बीएनएस थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
3. घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटरसाइकिल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री सचिन कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री विजय कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 1086 नेत्रपाल थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 872 संतोष कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।